# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान खरीद आज से शुरू। किसानों को अड़तालीस घंटे के भीतर भुगतान कराने का सरकार ने जारी किया निर्देश।
- पेरिस ओलम्पिक और पैरालम्पिक में मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को आज सम्मानित करेगी सरकार। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा सम्मान समारोह।
- प्रदेश के दस जिलों में बनाये जायेंग उन्नीस नये गो–संरक्षण केन्द्र। पहली किस्त के रूप में पन्द्रह करोड़ बीस लाख रूपये की धनराशि मंजूर।
- बीते दिनों हुयी बारिश से प्रदेश के कई जिलों में नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी। ग्यारह जिलों के कई इलाकों में अभी भी बाढ़ की स्थिति।

**********

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज से धान खरीद शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रदेश सरकार की तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। लखनऊ संभाग के जिलों में अलग–अलग तिथियों में धान खरीद होगी। हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में आज से तथा लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव में पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ पहली नवंबर से खरीद होगी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार तीन सौ रुपये और धान ग्रेड–ए का दो हजार तीन सौ बीस रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य–रसद विभाग और अन्य क्रय एजेंसियों के कुल चार हजार क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने किसानों को अड़तालीस घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है।

**********

केन्द्र सरकार ने अक्टूबर–दिसंबर दो हजार चौबीस तिमाही के लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड और राष्ट्रीय बचत पत्र जैसी छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर को बरकरार रखा है। यह लगातार तीसरी तिमाही है जब इन बचत योजनाओं की ब्याज दर में कोई बदलाव नही किया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर सात दशमलव एक प्रतिशत तथा किसान विकास पत्र पर सात दशमलव पांच प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा।

**********

प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की महिला शिक्षकों और कर्मचारियों को अब एक बार में ही तीस दिनों की चाइल्ड केयर लीव–सीसीएल मिलेगाी अब उन्हें इसके लिए अलग से शपथ पत्र नही देना पड़ेगा। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से आदेश जारी कर दिये गए हैं।

**********

पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में देश और प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को आज प्रदेश सरकार की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौदह ओलंपियंस और पैराओलंपियंस को कुल बाईस करोड़ सत्तर लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। इसके अलावा ओलंपिक और पैरालंपिक में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को भी कुल सत्तर लाख रूपये की धनराशि दी जाएगी। आज जिन खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा उनमें ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल तथा पैरालंपिक में रजत पदक जीतने वाले सुहास एल वाई, प्रीति पाल, अजीत सिंह, पारूल चौधरी, अनु रानी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी, साक्षी कसाना, दीपेश कुमार और यश चौधरी प्रमुख रूप से शामिल हैं।

**********

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश वाले बीच खेला जा रहा दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच रोमांचक मोड पर पहुंच गया है। बारिश से प्रभावित मैच के चौथे दिन कल बांग्लादेश की पहली पारी को दो सौ तैंतीस रन पर समेटने के बाद भारत ने दो सौ पचासी रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने दूसरी पारी में छब्बीस रन पर दो विकेट गंवा दिये थे।

***कानपुर नगर के ग्रीन पार्क में चल रहे भारत बांग्लादेश दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन बांग्लादेश ने लंच तक 6 विकेट पर 205 रन बना लिया लंच के बाद पूरी टीम 233 रन के स्कोर पर सिमट गयी। टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 35 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाये थे। वही भारत ने पहली इनिंग में 34. 4 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 285 रन का स्कोर खड़ा किया है।***

***आज के दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन बना लिए है। राजेश श्रीवास्तव आकाशवाणी समाचार कानपुर।***

**********

प्रदेश सरकार सीतापुर में दो सौ बेड के पुरूष जिला अस्पताल का निर्माण कराएगी। नियोजन विभाग की देख रेख में एक सौ सात करोड़ रूपये की लागत से इसे तैयार किया जाएगा। सभी निर्माण कार्यो को पूरा करने के लिए अट्ठारह महीने की अवधि निर्धारित की गयी है।

**********

प्रदेश सरकार ने दस जिलों में उन्नीस नये गो संरक्षण केन्द्र बनाने का निर्णय लिया है। नये गो संरक्षण केन्द्र अयोध्या, आगरा, कुशीनगर, हरदोई, हापुड, मिर्जापुर, पीलीभीत, बाराबंकी, बांदा और शाहजहांपुर जिले में बनाये जाएगें। इन केन्द्रों के निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में अस्सी लाख रूपये की दर से कुल पंन्द्रह करोड़ बीस लाख रूपये की धनराशि सरकार की तरफ से मंजूर की गयी है।

**********

प्रदेश सरकार ने गो सेवा आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के पदों पर नियुक्ति कर दी है। झांसी के श्याम बिहारी गुप्ता को गो सेवा आयोग का अध्यक्ष और कुशीनगर के जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह तथा बस्ती के महेश कुमार शुक्ल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है वहीं मुरादाबाद के दीपक गोयल महोबा के राजेश सिंह सेंगर और फिरोजाबाद के रमाकांत उपाध्याय को सदस्य बनाया गया है।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद में मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी पर पक्षकारों को ईमेल से जवाब दाखिल करने की अनुमति दी है। साथ ही मामले में अगली सुनवाई के लिए सोलह अक्टूबर की तारीख तय की है। कल मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी पर हिंदू पक्षकारों ने अपना जवाब दाखिल किया।

**********

आज राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस है। इस अवसर पर रक्तदान करने और इसे लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। चिकित्सकों का कहना है कि अट्ठारह से पैंसठ वर्ष की उम्र के लोग जिन्हें कोई असाध्य रोग नही है और जिनके हीमोग्लोबिन का स्तर साढ़े बारह प्रतिशत से अधिक है वे रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान से कई जरूरतमंदों को नये जीवन का उपहार मिल सकता है।

**********

आज अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश का समाज कल्याण विभाग, हेल्पेज इंडिया और वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ के गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में विशेष समारोह आयोजित करेगा। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), असीम अरूण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**********

बीते दिनों हुई बारिश के चलते प्रदेश के कई जिलों में नदियों का जल स्तर तेजी से बढ़ा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में राप्ती, सरयू और रोहिन नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार गोरखपुर में पिछले चौबीस घंटे के दौरान राप्ती नदी का जल स्तर पचपन सेन्टीमीटर बढ़ा है और नदी खतरे के निशान से उपर बह रही है। गोरखपुर में सरयू नदी भी खतरे के निशान को पार कर गयी है। प्रदेश के राहत विभाग के मुताबिक कुशीनगर, महराजंगज, बलिया, लखीमपुर खीरी और गोण्डा सहित प्रदेश के ग्यारह जिलों के कुछ इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। उधर कुशीनगर जिले में भी पिछले दिनों हुई बारिश से गंडक नदी का जलस्तर बढ़ गया है। साथ ही अधिक बारिश होने से भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली मंदिर परिसर में पानी भर गया है।

***महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण मंदिर, रामाभार स्तूप परिसर सहित माथा कुंवर बुद्ध मंदिर परिसर में बारिश का पानी भरने से पर्यटकों को मंदिर तक पहुंचने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पानी मंदिर के अंदर बुद्ध प्रतिमा तक पहुंच गया है। मंदिर में स्थापित साढ़े दस फुट ऊंची बुद्ध प्रतिमा भू स्पर्श मुद्रा में है। मंदिर में जलजमाव से प्रतिमा के क्षरण का खतरा बढ़ गया है। विवेक पाण्डेय, आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर।***

**********

प्रदेश में हरित क्षेत्र बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिये सरकार आज वानिकी नववर्ष का शुभारम्भ करने जा रही है। अपनी तरह की इस अभिनव पहल को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को वानिकी नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि अधिक से अधिक वनों का अच्छादन जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को रोकने में काफी कारगर हो सकता है।

**********